हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 शरद स्मृति न्यास ने दशहरा मिलन व शस्त्र पूजन किया



05 युवा किसान की मौत पर विद्युत मंडल कार्यालय में प्रदर्शन, 20 लाख रुपए...



खबर संक्षेप

सेंट मैरी कॉलेज में राष्ट्रीय एकता एवं युवा नेतृत्व शिविर 25 से

विदिशा। डॉ. एसएन सुब्बाराव की स्मृति में राष्ट्रीय एकता एवं युवा नेतृत्व शिविर का आयोजन 25 से 27 अक्टूबर तक सेंट मैरी कॉलेज में किया जाएगा। शिविर का आयोजन जिला सर्वोदय मंडल और सेंट मैरी कॉलेज द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से युवा प्रतिभागियों को सम्मिलित होना है। शिविर के दौरान सर्वधर्म प्रार्थना, गांधी-विनोबा एवं डॉ. एसएन सुब्बाराव के विचारों पर संवाद, युवा नेतृत्व गतिविधियाँ, राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम, श्रमदान एवं रचनात्मक कार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह चर्चा तथा विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच संवाद एवं मैत्री जैसे कार्यक्रम होंगे।

मत्स्य पालन के लिए 30 तक करें आवेदन

विदिशा। मत्स्य पालन के लिए इच्छुक पात्र हितग्राहियों से 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ जिले के चयनित 86 ग्रामों में निवास करने वाले पात्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को दिया जाएगा। इनमें गंजबासौदा विकासखंड के 79 ग्राम, लटेरी के 4 ग्राम, ग्यारसपुर के 2 ग्राम तथा सिरोंज का 1 ग्राम शामिल है। मत्स्योद्योग, विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार इकाई लागत की 90 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दिए जाने का प्रावधान है।

अधूरी छोड़ी सड़क यहां रोज हो रहे हादसे



विदिशा। इंदू जैन हॉस्पिटल के पीछे की सड़क का कुछ हिस्सा खुदा हुआ पड़ा है। एक तरफ ऊंची और दूसरी ओर नीचे सड़क होने के कारण यहां हादसे हो रहे हैं। इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट भी नहीं है और अंधेरा पसरा रहता है। बुधवार रात एक दंपति अंधेरे के कारण ऊंची और नीची सड़क नहीं देख पाए और बाइक फिसलकर गिर गई। जिससे दोनों को चोटें आईं। इस स्थान पर कचरे का घूरा होने के कारण उस हिस्से को ऐसे ही छोड़ दिया गया है। इस लापरवाही के कारण आम लोगों को चोटिल होना पड़ रहा है। यहां पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कर सड़क को दुरस्त करने की अत्यंत आवश्यकता है। जिससे आम लोगों को ऐसे हादसों से निजात मिल सके।

घाटे में किसान: उत्पादन कम फिर भी नहीं बढ़े सोयाबीन के दाम

दगा दे गया पीला सोना: 13 बीघा में 90 हजार लागत आई, निकला 9 क्विंटल

कृषि उपज मंडी में दशहरे के अवकाश के बाद मंडी खुली, लेकिन किसानों को उम्मीद के मुताबिक सोयाबीन के दाम न मिलने से निराशा हाथ लगी। मौसम में बदलाव और सोयाबीन में रोगों के कारण किसानों को उत्पादन लेने के लिए दो से तीन बार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना पड़ा। जिससे लागत बढ़ गई, लेकिन किसानों को उम्मीद के मुताबिक सोयाबीन के दाम नहीं मिल रहे हैं।

दो से तीन बार कीटनाशक का छिड़काव किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोयाबीन का 2172 और 2117 बैरायटी का बीज किसानों को धोखा दे गया। इस बीज की बोवनी करने वाले जिले के ज्यादातर किसानों को नुकसान ही उठाना पड़ा है। पौधों में रोग अधिक लगने के कारण उत्पादन घट गया और किसानों की लागत तक नहीं निकल पाई है।

वैसे तो किसानों ने एक बीघा में तीन क्विंटल तक सोयाबीन का उत्पादन लिया है, लेकिन यह दोनों बैरायटी का बीज बोने वाले किसान एक और दो क्विंटल बीघा के हिसाब से ही उत्पादन ले पाए। जिससे किसान लाभ तो नहीं ले पाए उल्टा तीन महीने की मेहनत और बेकार चली गई।



विदिशा। उम्मीद के मुताबिक मंडी में किसानों को नहीं मिल रहे सोयाबीन के दाम ।

उपज	न्यूनतम	अधिकतम
गेहूं	2600	6100
सरसों	7751	7751
चना	6000	7285
मसूर	5750	8800
धान	1700	4800
तेवड़ा	2815	2815
सेयाबीन	3200	7001
मक्का	1512	2500
मूंग	2500	7600
उड़द	5000	7600

4 बीघा में 42 हजार रु.लागत लगाई सोयाबीन निकला सिर्फ तीन क्विंटल

शमशाबाद तहसील के जटपुरा के किसान रिंकू भार्गव ने बताया कि उन्होंने 4 बीघा के खेत में सोयाबीन की बोवनी की थी। शुरू से आखिर तक 42 हजार रुपए की लागत आई। आखिर में सिर्फ तीन क्विंटल सोयाबीन निकला। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जिन किसानों ने 2172 और 2117 बैरायटी का बीज बोया था, सभी किसानों की ऐसी ही हालत रही है।

90 हजार लागत लगाने के बाद 5150 रुपए क्विंटल में बेचना पड़ा सोयाबीन

शमशाबाद तहसील के महूठा गांव के किसान प्रभुनाथ सिंह राजपूत ने बताया कि उन्होंने 13 बीघा में सोयाबीन बोया था और 90 हजार रुपए लागत लगाई थी। कटाई के समय सिर्फ 9 क्विंटल सोयाबीन ही निकला जिसे 5150 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से मंडी में बेचा। उन्होंने बताया कि उत्पादन कम होने के बाद भी उम्मीद के मुताबिक भाव मंडी में नहीं मिले।

दो से ढ़ाई क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से उत्पादन।

मंडी में फिर तीन दिन रहेगा अवकाश

दशहरे के अवकाश के बाद अब कृषि उपज मंडी में तीन दिन फिर अवकाश रहेगा। 24 अक्टूबर को चौथा शनिवार होने से बैंक बंद रहने के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। वहीं 25 तारीख को रविवार और 26 अक्टूबर सोमवार को वाल्मीकि जयंती होने के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने किसानों ने अपील की है कि अवकाश के दिनों में उपज मंडी में लेकर न आएं।

नगरपालिका को मिले 20 नए इलेक्ट्रिकल वाहन 10 आए, इतने ही और आएंगे

संकरी गलियों तक बेहतर होगी सफाई व्यवस्था



विदिशा। नए वाहनों का पूजन करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा।

- रविंद्रनाथ टैगोर भवन में अस्थायी चार्जिंग व्यवस्था।

शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने और कचरा इकट्ठा करने की दिक्कतें दूर करने के लिए नगरपालिका ने 20 नए इलेक्ट्रिक कचरा वाहन खरीदे हैं। इनमें से 10 वाहनों की डिलीवरी हो गई है, जिन्हें गुरुवार को नगरपालिका के बेड़े में शामिल किया गया।

इन वाहनों का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा और सीएमओ दुर्गेश ठाकुर की मौजूदगी में हुआ। एक टन क्षमता वाले ये इलेक्ट्रिक वाहन शहर की संकरी गलियों और घनी आबादी वाले वार्डों में कचरा उठाने में मदद करेंगे। इससे कम समय में ज्यादा कचरा जमा हो पाएगा। ये वाहन इलेक्ट्रिक होने के कारण डीजल की जरूरत नहीं होगी, जिससे ईंधन खर्च बचेगा और पर्यावरण को भी फायदा होगा। बाकी 10 वाहनों की डिलीवरी अभी होनी है। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि ये वाहन पर्यावरण संरक्षण के साथ सफाई व्यवस्था बेहतर बनाएंगे।

डीजल की खपत कम होगी, 10 और आएंगे

नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने बताया कि 20 वाहन खरीदे गए हैं, जिनमें से 10 की डिलीवरी हो चुकी है। शेष 10 वाहन भी आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इन वाहनों से वार्डों में कचरा संग्रहण के लिए बार-बार चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी। डीजल की खपत नहीं होने से नगरपालिका के खर्च में भी बचत होगी। चार्जिंग व्यवस्था को लेकर उन्होंने बताया कि शहर में चार चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। फिलहाल ऑडिटोरियम में अस्थायी चार्जिंग व्यवस्था की गई है।

रामलीला चौराहे से बजरिया की सड़क पर बढ़ा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- रविंद्रनाथ टैगोर भवन में अस्थायी चार्जिंग व्यवस्था।

शहर के रामलीला क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा सड़क के दोनों तरफ सामान रखे जाने से यातायात प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि यहां आए दिन जाम के हालात बन रहे हैं।

सड़क पर दोनों ओर सामान फैला होने के कारण रास्ता संकरा हो जाता है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रामलीला क्षेत्र में बाजार की दुकानों के बाहर सामान सड़क तक रखा होने से वाहनों की आवाजाही के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। ऐसे में आमने-सामने से वाहन आने पर निकलने में दिक्कत होती है और यातायात धीमा हो जाता है। व्यस्त समय में परेशानी और बढ़ जाती है। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों के साथ स्थानीय रहवासियों को भी जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।

सड़क से सामान हटाने की जरूरतसड़क के दोनों तरफ सामान रखे होने से राहगीरों के लिए भी परेशानी खड़ी हो रही है। यातायात सुचारु रखने के लिए दुकानदारों को सड़क पर सामान रखने से रोकने और मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की जरूरत है। यदि संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान दें और नियमित कार्रवाई करें, तो रामलीला क्षेत्र में लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सकती है।

ऑनलाइन दुकानों के चक्कर काट रहे किसान समय पर खाद नहीं मिली तो पिछड़ेगी बोवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

किसान रबी सीजन की फसलों की बोवनी के लिए खेत तैयार करने में जुटे हैं। लेकिन डीएपी और यूरिया खाद के लिए टोकन बुकिंग की परेशानी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान खाद के लिए ऑनलाइन दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। टोकन बुक नहीं होने के कारण उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। हालात ऐसे हैं कि परेशान किसान अब भगवान के दरबार में पहुंचकर खाद मिलने की गुहार लगा रहे हैं।

ग्यारसपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम ओलिंजा निवासी किसान प्रमोद कुशवाह ने नवमी के दिन ज्वारे विसर्जन के दौरान गांव के गढ़ी वाले स्थान पर पहुंचकर ठाकुर बाबा से



खाद उपलब्ध होने की प्रार्थना की। वहीं, गांव के डालचंद कुशवाह, मथुरा प्रसाद, बद्रीप्रसाद और जवाहरलाल कुशवाह ने थाऊर में पंडा बाबा के दरबार में पहुंचकर अर्जी लगाई। किसानों की यह परेशानी खाद की उपलब्धता को लेकर उनकी चिंता को उजागर कर रही है। ग्राम सोनपुर दैयरपुर निवासी किसान तुलसीराम लोधी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की व्यवस्थाओं में आम लोगों को शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है, लेकिन खेती के महत्वपूर्ण समय में किसानों को डीएपी और यूरिया खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

टोकन बुकिंग बनी किसानों की मुसीबत

किसानों का कहना है कि खाद वितरण के लिए टोकन बुकिंग की व्यवस्था के कारण परेशानी हो रही है। किसान ऑनलाइन दुकानों पर बार-बार चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन टोकन बुक नहीं हो पा रहा है। इससे किसानों का समय और पैसा दोनों खर्च हो रहे हैं, फिर भी खाद मिलने की निश्चितता नहीं है। किसानों का कहना है कि रबी सीजन की बोवनी का समय निकलने से पहले उन्हें खाद उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे समय पर फसल की बोवनी कर सकें और उनकी मेहनत पर पानी न फिरे।

निरीक्षण: बर्न वार्ड व्यवस्थाओं का कलेक्टर गुप्ता ने लिया जायजा

मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। वार्डों का जायजा लेकर पीएनसी वार्ड एवं बर्न वार्ड का अवलोकन किया। भर्ती मरीजों और परिजनों से बात की।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने वार्डों में भर्ती मरीजों से उपचार की गुणवत्ता, चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाइयों की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मरीजों को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सालय प्रबंधन व विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वार्डों में स्वच्छता, उपचार व्यवस्था तथा मरीजों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान एसडीएम मनीष कुमार जैन, सिविल सर्जन डॉ अनूप वर्मा मौजूद रहे।

दीपावली पर पटाखे बेचने अस्थायी लाइसेंस के लिए 2 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन करें

विदिशा। दीपावली पर पटाखों के अस्थायी लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदक एमपी ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से 2 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को ऑनलाइन किए गए आवेदन की प्रति के साथ आवश्यक दस्तावेज एसडीएम कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदक द्वारा आवेदन करने के दूसरे ही दिन कार्यालय में दस्तावेज जमा कराने होंगे। आवेदन के साथ आवेदक को आयु सत्यापन के लिए स्कूली प्रमाण-पत्र अथवा अन्य वैध दस्तावेज, पिछले वर्ष एसडीएम कार्यालय से जारी अस्थायी लाइसेंस की प्रति, लाइसेंस शुल्क जमा करने की रसीद की प्रति तथा आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

खदान में ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कुरवाई के भौंरासा गांव में गुरुवार को एम-सेंड प्लांट की खदान में 45 साल वर्षीय डंपर ड्राइवर साजिद खां की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

घटना के बाद खदान के कर्मचारी उसे कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत बताया। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि खदान में ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर लगने से यह हादसा हुआ। हालांकि मौत की सही वजह अभी साफ नहीं हुई है। साजिद खां खदान में डंपर चलाता था। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी खदान में एक हादसा हो चुका था, जिसमें एक युवक की मौत हुई थी।

मौजूदा घटना में ब्लास्टिंग या पत्थर लगने की पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी। साजिद के परिवार में एक भाई, दो बहनें और चार महीने की एक बेटी है। कुरवाई थाना प्रभारी आरके मिश्र ने बताया कि मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह साफ हो पाएगी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्यारसपुर की 25 ग्रामपंचायतों में शिविर आज

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले की ग्यारसपुर जनपद पंचायत के नौलास और गूलरखेड़ी क्लस्टर की 25 ग्राम पंचायतों में आज शुक्रवार को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नौलास क्लस्टर की 12 ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में ग्राम पंचायत बंडवा, खेजड़ा पड़रयात, बोरीरामपुर, घटेरा, झिरनिया, बरखेड़ा गंभीर, लखूली, नौलास, पुरागोसांई, सीहोद, सियासी और कंजेला शामिल हैं। गूलरखेड़ी क्लस्टर की जिन 13 ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन होगा उनमें ग्राम पंचायत बर्रीघाट, गूलरखेड़ी, ऐरन, चक्क रघुनाथपुर, धतूरिया, अंडियाकला, गुलाबगंज, इकोदिया, मढ़ी चौबीसा, पिपरिया, संतापुर, मुंगवारा और गुनुआ शामिल हैं।

अंकिता भंडारी हत्या मामला: दुष्यंत गौतम को राज्यपाल बनाने का विरोध, इस्तीफे की मांग की

बरईपुरा से माधवगंज तक निकाला मार्च, उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अंकिता भंडारी हत्या प्रकरण को लेकर महिला कांग्रेस ने विरोध जताते हुए बरईपुरा चौराहे से माधवगंज तक कैंडल मार्च निकाला। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू सिंह राजपूत के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में दुष्यंत कुमार गौतम को राज्यपाल बनाए जाने पर सवाल उठाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की गई। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस नियुक्ति से मामले में न्याय की उम्मीदों पर सवाल खड़े होते हैं।

संगठन ने कहा कि सत्ता की आड़ में किसी को भी बचाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। मांग पूरी



नहीं होने पर आगे और उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी गई। कैंडल मार्च में नगर कांग्रेस अध्यक्ष रावि साहू, संगीता चंद्रावल, आशा सिंह राजपूत, रीना सिंह राजपूत सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

क्या है मामला

19 वर्षीय अंकिता उत्तराखंड की रहने वाली थी और ऋषिकेश के एक रिसोर्ट मे रिसेप्शनिस्ट की तौर पर काम करती थी सितंबर 2022 में उसकी हत्या कर दी गई थी। चर्चा है कि अंकिता पर रिसोर्ट में आए व्हीआईपी को विशेष सेवाएं देने का दवाब डाला गया था। अंकिता के परिजन दिल्ली के इंडिया गेट पर धरना दे रहे हैं। आरोपी है कि दुष्यंत गौतम ही वह व्हीआईपी था।

मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने विदिशा में सुमन और एसएसबीएसके एक्शन रोडमैप लॉन्च

मातृ मृत्यु अनुपात 150 से घटाकर 70 और नवजात मृत्यु दर 29 से नीचे 12 लाने का लक्ष्य, स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम करने के उद्देश्य से सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) और समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय एक्शन रोडमैप लॉन्च किया गया।

गुरुवार को सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बीएमओ, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारियों और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजरों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य जिले में मातृ मृत्यु अनुपात को वर्तमान 150 से घटाकर 70 से कम तथा नवजात मृत्यु दर को 29 से घटाकर 12 से



नीचे लाना है। इसके लिए रोकी जा सकने वाली मातृ एवं नवजात मृत्यु को शून्य करने की रणनीति तैयार की गई। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष फोकसतकनीकी सत्र में विदिशा मेडिकल कॉलेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा चौरसिया और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमोद मिश्रा ने डॉक्टर को आवश्यक निर्देश दिए। इसमें हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, एक्लम्पसिया जैसी आपातकालीन स्थितियों का त्वरित उपचार, सुरक्षित रेफरल और संक्रमण नियंत्रण पर जोर दिया गया।

प्रसव के बाद 48 घंटे तक निगरानी जरूरी

रोडमैप में किशोरियों के पोषण सुधार, गर्भधारण पूर्व एनीमिया व रक्तचाप की जांच और जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर सुरक्षित संस्थागत प्रसव की योजना बनाने पर जोर दिया गया। दूरस्थ क्षेत्रों में बर्थ वेटिंग होम की सुविधा विकसित करने तथा प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को कम से कम 48 घंटे चिकित्सकीय निगरानी में रखने की व्यवस्था भी शामिल है। इसके साथ ही 24 घंटे सुमन हेल्पडेस्क के माध्यम से सहायता, शून्य मातृ-शिशु मृत्यु वाली ग्राम पंचायतों को प्रमाणित करने और स्वास्थ्य केंद्रों पर कैशलेस प्रसव, दवाएं, जांच व परिवहन सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-7000
सरसों
न्यूनतम भाव-7450
उच्चतम भाव-8170
चना
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-6980
मसूर
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-7500
शरबती
न्यूनतम भाव-2775
उच्चतम भाव-5700
गेंहू
न्यूनतम भाव-2610
उच्चतम भाव-3363
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-2800
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4000
मूंग
न्यूनतम भाव-7800
उच्चतम भाव-7800
उड़द
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-7800
मक्का
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-2505
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2750
उच्चतम भाव-3550
मूंगफली
न्यूनतम भाव-4850
उच्चतम भाव-4850
धान
न्यूनतम भाव-800
उच्चतम भाव-4850
मटर
न्यूनतम भाव-3820
उच्चतम भाव-3820

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 27170 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

विद्युत कर्मी पर चाकू से किया हमला



गंजबासौदा। रविदास कालौनी निवासी प्रवीण अहिरवार ने देहात थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह विद्युत कंपनी में लाइन हेल्पर के पद पर कार्यरत है। बीती रात वे अपने दोस्त आकाश चिढ़ार की दुकान पर अपने साथी राजकुमार और अमित के साथ चाय पीने खड़े थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर जमीर खान आया और गाली गलौंज करने लगा। इस बीच जमीर ने प्रवीण पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रवीण को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत तहत मामला दर्ज किया है।

नए प्लेटफार्म की मदद से सम्मान सहित हुआ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



अधिक छोटी बडी प्रतिमाओं का नदी में विसर्जन कराया।

नगर पालिका परिषद द्वारा इस बार नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश पर दशहरा पर्व पर देवी मां की प्रतिमाओं के सम्मान जनक विसर्जन के लिए विशेष प्लेटफार्म तैयार कराया गया। जिससे छोटी प्रतिमाओं सहित बड़ी प्रतिमाओं का भी इस प्लेटफार्म की मदद से पुल से नदी में सम्मान जनक ढंग से विसर्जन किया जा सका। वहीं हाइड्रा जैसे परंपरागत तरीके से भी प्रतिमाओं का सीधे नदी में विसर्जन किया जाता रहा। इन दोनों प्रयासों से नपा ने इस वर्ष 254 से अधिक छोटी बडी प्रतिमाओं का नदी में विसर्जन कराया।

उल्लेखनीय है कि प्रतिमा विसर्जन के लिए नपा के पास पहले से ही हाइड्रा पर एक प्लेटफार्म तैयार है, जिससे प्रतिवर्ष बडी प्रतिमाओं का सम्मान जनक विसर्जन किया जाता रहा है। इस वर्ष नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव की मंशानुसार सीएमओ अशोक वर्मा के निर्देश पर नपा इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने एक विशेष प्लेटफार्म भी तैयार कराया। जिसे पोकलेन मशीन में बकिट की जगह पर फिट किया गया। इस प्लेटफार्म के माध्यम से जिले में पहली बार पुल से सीधे नदी तक प्रतिमाओं को सम्मान पूर्वक ले जाकर उनका विसर्जन किया गया। इस नई और सम्मान जनक व्यवस्था को देखकर श्रद्धालुओं और झांकी संचालकों ने भी अपनी अपनी देवी प्रतिमाओं के सम्मान सहित विसर्जन की सराहना की। वहीं कई छोटी प्रतिमाओं का नपा अमले द्वारा नदी के पास बनाए गए कुंड में ससम्मान विसर्जन किया गया। नपाकर्मी अमित शर्मा डेजी ने बताया कि नए प्लेटफार्म और कुंड के अलावा परंपरागत हाइड्रा का प्लेटफार्म भी पुल पर तैनात रहा। जिससे विशाल प्रतिमाओं का गोताखोरों के साथ नदी तक ले जाकर उनका विसर्जन किया गया।

नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने बताया कि करीब आठ दिन में तैयार किए गए नए प्लेटफार्म के अलावा हाइड्रा और कुंड में 254 से अधिक छोटी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसके अलावा दोनों ओर के एप्रोच रोड से लेकर पुल तक पूरी तरह रोशनी की भरपूर व्यवस्था की गई थी। वहीं होमगार्ड एवं पुलिस जवानों के अलावा भी नपा ने अपनी ओर से दस गोताखोरों को तैनात कर रखा था। विसर्जन के दौरान पूरी व्यवस्था की सतत निगरानी की जाती रही और इस तरह दो दिनों तक चला प्रतिमा विसर्जन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।



उत्कर्ष भवन में संघ के 101वें वर्ष में प्रवेश पर शस्त्र पूजन के साथ संगठन विस्तार का आह्वान

शरद स्मृति न्यास ने दशहरा मिलन व शस्त्र पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





शक्ति की आराधना, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ स्थानीय शरद स्मृति न्यास द्वारा बहलोट बायपास स्थित संघ के उत्कर्ष भवन में बुधवार शाम दशहरा मिलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह और जिला संघचालक विनोद शाह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं शस्त्र पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर नगर की विभिन्न बस्तियों से आए स्वयंसेवकों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग प्रचारक सौरभ सिंह ने विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन की परंपरा और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन केवल शस्त्रों की पूजा नहीं, बल्कि शक्ति, साहस, आत्मरक्षा और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में शक्ति की उपासना का उद्देश्य शक्ति का दुरुपयोग नहीं, बल्कि उसका उपयोग समाज, धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए करना है। उन्होंने कहा कि सज्जन शक्ति का संगठित और जागरूक रहना समाज के लिए आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101 वें वर्ष में प्रवेश का उल्लेख करते हुए संगठन के कार्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग और बस्ती तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संघ का कार्य केवल शाखा तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना इसका उद्देश्य है। स्वयंसेवकों को अपनी-अपनी बस्तियों में नियमित शाखाओं को मजबूत करने, नए लोगों को संगठन के विचारों से जोड़ने और समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विभाग प्रचारक सिंह ने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर चर्चा करते हुए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी के प्रति आग्रह और नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे विषयों को दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन केवल विचारों से नहीं, बल्कि अपने आचरण और व्यवहार में बदलाव लाने से आता है। प्रत्येक स्वयंसेवक अपने परिवार और आसपास के समाज में इन मूल्यों को व्यवहार में उतारकर व्यापक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों ने संगठनात्मक कार्यों को और प्रभावी बनाने तथा समाजहित के कार्यों में सहभागिता बढ़ाने का संकल्प लिया। दशहरा मिलन और शस्त्र पूजन के माध्यम से शक्ति, अनुशासन, संगठन और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया गया। विजयादशमी के उपलक्ष्य में नगर में एक साथ निकलने वाला पथ संचलन अब नगर की 10 बस्तियों में 25 एवं 26 अक्टूबर को अलग-अलग समय पर निकाला जाएगा। बस्तियों में पथ संचलन निकालने का उद्देश्य संघ के कार्य को विस्तार देना और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का है। संघ के नगर कार्यवाह ने बताया कि 25 अक्टूबर रविवार को फ्रीगंज स्थित शासकीय स्कूल और बरेठ रोड स्थित एसजीएस कॉलेज में शाम 4 बजे पथ संचलन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। वहीं, रघुवंशी धर्मशाला, भावसार पुलिया और चक-स्वरूप नगर वार्ड नंबर 13 स्थित हनुमान मंदिर से सुबह 9 बजे कार्यक्रम निर्धारित हैं। इसी क्रम में लालपठार स्थित कन्या शाला स्कूल में सुबह 9 बजे, रामजानकी मंदिर मिर्जापुर स्थित कुशवाह समाज धर्मशाला में शाम 4 बजे, स्वर्णिका अर्बन रिटर्ड मैरिज गार्डन पचमा बायपास रोड बनवा पर सुबह 9:30 बजे, राजेंद्र नगर स्थित संदीपनी स्कूल में सुबह 9 बजे तथा सिरोंज चौराहा स्थित बराई पैलेस में सुबह 9 बजे कार्यक्रम होंगे। सोमवार को टीटी जैन पाठशाला में शाम 5 बजे कार्यक्रम प्रस्तावित है। इन आयोजनों के माध्यम से नगर की विभिन्न बस्तियों में स्वयंसेवक विजयादशमी उत्सव मनाएंगे। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक अनुशासन और एकजुटता के साथ निर्धारित मार्गों से गुजरेंगे। जिसको लेकर आयोजकों ने विभिन्न बस्तियों में जनसंपर्क बढ़ा दिया है।

सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन की स्थानीय शाखा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि वर्तमान में म.प्र. शासन द्वारा सफाई कर्मचारियो की न्यायोचित मांगो के संदर्भ में अनेकोनेक ज्ञापन एवं बैठकों के उपरांत भी कोई उचित निराकरण नहीं हो सका है। 8 सूत्रीय मांग पत्र में मांग की गई है कि विनियमितिकरण के अंतर्गत कार्यरत समस्त सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जायें। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के नगर निगम व नगर पालिकाओं से सफाई ठेका पूर्णतः समाप्त किया जायें। सफाई कामगार पति, पत्नि में से किसी एक की मृत्यु होने पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जाये। सफाई कामगार पद पर रोस्टर प्रणाली पूर्णतः समाप्त की जाये एवं सफाई वर्ग के लिये सीधी भर्ती का नियम शिथिलीकरण किया जाए। मध्यप्रदेश सफाई कर्मचारियों को जो मकान आवंटित हैं उनको मालिकाना अधिकार से युक्त घरों का आवंटन किया जाये एवं जहाँ वर्तमान में सफाई कर्मचारी निवासरत हैं, वह पूर्णतः जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं इस हेतु नवीन कॉलोनियो का निर्माण कर उन्हें नवीनीकृत मकान आवंटित किये जायें। समस्त नगर पालिका निगमों में क्षेत्रफल और जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए 50 हजार नवीन नियमित सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाये , जिसमें सफाईदार वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी जाये एवं उसमें किसी प्रकार का कोई आरक्षण नहीं लगाया जाये। नगर निगम, नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मचारियों को प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ पात्र सफाई कर्मचारी को प्रदान किया जाए। नगर निगम नगर पालिका, नगर परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जो 2004 से नियमितिकरण का लाभ नही मिला है उन कर्मचारियों को 2025 तक के कर्मचारियों को नियमितिकरण का लाभ दिया जाए।

मौसम में उतार-चढ़ाव जारी

गंजबासौदा। नगर में इन दिनों मौसम के उतार चढ़ाव के कारण किसान खासे असमंजस में हैं। पिछले दिनों 21 अक्टूबर तक बारिश के संकेतों के चलते अच्छी बारिश की उम्मीद रही, लेकिन इलाके में सिर्फ बूंदाबांदी होकर ही रह गई। अब किसान पलेवा की तैयारियों में जुट गए हैं और कुछ ने पलेवा शुरू भी कर दिया है। ऐसे में एक बार फिर आगामी 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक बादल छाए रहने और उनसे बारिश की संभावना है।

विजयी दशमी पर निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



कस्बा बागरोद में विजयदशमी के उपलक्ष में संघ का पथ संचलन निकाला गया। इस मौके पर समर्थ गुरु रामजी बाबा समाधि स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संघ के प्रांतीय पदाधिकारी त्रिवेश लोधी, रामकिशन लोधी, सुनील मीणा, संघ कार्यकर्ता दीपक यादव, मुकेश व्यास, कैलाश विश्वकर्मा, त्रिलोक सिंह, सौरभ चौबे, कमल जैन, प्रकाश सहित ग्रामीण क्षेत्र के संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे। पथ संचलन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ।

प्रेस क्लब गंजबासौदा ने ज्ञापन सौंपकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पत्रकार अनुज शर्मा की कार में तोड़फोड़ किए जाने के मामले में प्रेस क्लब गंजबासौदा ने पुलिस अधीक्षक के नाम सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। क्लब ने पत्रकार और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बीती रात लगभग 9:30 बजे हरिइच्छा कॉलोनी स्थित कार्यालय के पास खड़ी अनुज शर्मा की फॉर्च्यूनर कार के कांच पर अज्ञात लोगों ने पत्थर मारकर नुकसान पहुंचाया। आरोप है कि देर रात लगभग एक बजे कुछ लोग दोबारा पहुंचे और पत्रकार को धमकी देते हुए वाहन में आग लगाने का प्रयास भी किया गया। प्रेस क्लब गंजबासौदा ने आशंका व्यक्त की कि घटना का संबंध अवैध शराब और मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़ी खबरों के प्रकाशन से हो सकता है। हालांकि, घटना के कारणों और आरोपियों की पहचान की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। प्रेस क्लब ने पुलिस से घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर संबंधित लोगों की पहचान करने तथा मामले में उचित वैधानिक कार्रवाई करने तथा पत्रकार और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। इस दौरान अनेक पत्रकारणग मौजूद रहे।

प्रो. ऋषभ कुमार और संतोष रानी तारण के निधन पर दी श्रद्धांजलि

आर्य समाज मंदिर में भावांजलि सभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षा विद दिवंगत प्रोफेसर ऋषभ कुमार एवं साहित्यकार संघ के संस्थापक सदस्य चंद्रकुमार तारण एडवोकेट संपादक सृजन परिदृश्य की जीवन संगिनी दिवंगत संतोष रानी तारण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित करने नगर के आर्य समाज मंदिर परिसर में भावांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम नगर के आर्य समाज के अध्यक्ष अखिलेश माथुर एवं वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा दीप प्रज्वलित कर दिवंगतों के चित्रों के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर भावांजलि दी गई। इस आयोजन का संचालन करते हुए रक्त सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि अमर स्वर धारा के रचनाकार बाबूलाल चाचा की निम्न पंक्तियों को उद्धृत किए बिना कोई भी भावांजलि पूर्ण नहीं होगी। मृत्यु का रक्तिम महावर एक दिन सबको रचेगा, जिंदगी है वो जहर जो सिर्फ पीने से पचेगा। रक्त सेवा समिति के संस्थापक समाजसेवी राजेश तिवारी ने कहा कि प्रोफेसर साहब ने हमेशा हमें प्रोत्साहित किया जीवन की चुनौतियों का सामना करने का साहस दिया। रक्त सेवा समिति से वह बहुत गहराई से जुड़े रहे।

वरिष्ठ साहित्यकार एवं साहित्यकार संघ के संस्थापक सदस्य ऋषभ जैन बिंदास ने कहा कि संतोष रानी तारण हमारी भाभीजी ने निम्न दोहे को चरितार्थ कर दिया। गोधन गज धन बाज धन और रतन सव धान जब आवे संतोष धन सब धन धूरि समान। डॉ. महेंद्र प्रताप मेहता ने प्रोफेसर ऋषभ कुमार के साथ पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों की यात्राओं का अनुभव साझा किया। वैद्यराज निहाल सिंह पंथी ने कहा कि संतोष रानी तारण की समता, ममता, दया, परोपकार एवं सेवा का भाव देखकर हम उन्हें आदर के साथ भारत माता कहकर संबोधित करते थे। कराओके म्यूजिक ग्रुप के राजेश नेमा, अशोक जैन, ओपी प्रजापति, पंकज नामदेव द्वारा संगीतमय समय अनुकूल गायन कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

कार्यक्रम के सूत्रधार ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा संतोष रानी तारण एवं प्रोफेसर ऋषभ कुमार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित करते हुए कहा कबीरा सोई पीर है, जो जाने पर पीर जो पर पीर ना जानिए,सो काफिर वे पीर। इस दौरान एडवोकेट इमरत लाल तिलवार, एडवोकेट सुरेंद्र रघुवंशी, कमलेश गोदरे, चंद्रकुमार जैन, फहीम भाई वासोदवी, अजीम भाई, डॉक्टर आरके जैन, दीपक भाई, राकेश जैन, रजनीश भाई, अनिल जैन, दिवंगत प्रोफेसर ऋषभ कुमार के ज्येष्ठ पुत्र निमित, प्रवीण भाई, सोनू भाई, डॉक्टर एके रोहले, भरत सराठे, सुरेश तनवानी, शिखर चंद शिखर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

वर्षों से पक्की सड़क की आस लगाए बैठे ग्रामीण



गंजबासौदा। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधाओं के अभाव के चलते लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पक्की सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कच्चे एवं ऊबड़-खाबड़ रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। रास्तों पर कीचड़ एवं जलभराव के कारण पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। समीपस्थ ग्राम कुल्हार के मिर्जापुर बस्ती में भी ग्रामीणों का इसी तरह की परेशानी उठानी पड रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क सुविधा नहीं होने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। राजेन्द्र सेन रानू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वह लंबे समय से पक्की सड़क की मांग करते आ रहे हैं लेकिन इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों वरिष्ठ अधिकारियों से शीघ्र सड़क का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि उन्हें आवागमन की परेशानी से राहत मिल सके।

कर्मादेवी चौराहे पर कैमरे लगवाने की मांग

गंजबासौदा। नगर के पत्रकारों ने गुरूवार को कोतवाली टीआई संजय बेदिया से मुलाकात कर उन्हें नगर के प्रमुख प्रवेश मार्ग मां कर्मा देवी चौराहे पर कैमरे लगवाने की मांग करते हुए पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन लगने वले जाम की समस्या से अवगत कराया।

पत्रकारों का कहना था कि विदिशा की ओर से आने वाले वाहनों का प्रवेश मां कर्मादेवी चौराहे से होता है। वहीं से सीधे सिरोंज की ओर भी वाहन निकलते हैं। ऐसे में वहां कैमरे लगे होने से निगरानी एवं सुरक्षा बेहतर होगी। जिस पर टीआई संजय बेदिया ने इन बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने पीड़ित परिवार के साथ सौंपा ज्ञापन

युवा किसान की मौत पर विद्युत मंडल कार्यालय में प्रदर्शन, 20 लाख रुपए मुआवजे की मांग

आठ दिन में कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



क्षेत्र के ग्राम कुड़का खेड़ा में बिजली के नीचे लटकते तारों की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवा किसान की दर्दनाक मौत के मामले में गुरुवार को पीड़ित परिवार और कांग्रेस नेताओं ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के पथरिया स्थित कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में विद्युत विभाग के एई राजीव रंजन को ज्ञापन सौंपकर मृतक किसान के परिवार को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने,परिवार के एक सदस्य को नौकरी प्रदान करने तथा घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि आठ दिन के भीतर मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो विद्युत मंडल कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

खेत पर जाते समय करंट की चपेट में आया था युवा किसान

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुड़का खेड़ा निवासी 25 वर्षीय युवा किसान ट्रैक्टर और थ्रेशर लेकर खेती के कार्य के लिए खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बिजली के तार अत्यधिक नीचे लटक रहे थे। आरोप है कि नीचे लटकते तारों के संपर्क में आने से थ्रेशर में करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। कम उम्र में परिवार के युवा सदस्य की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के सात दिन बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार को अपेक्षित सहायता नहीं मिलने और जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से मुलाकात नहीं किए जाने को लेकर परिजनों में नाराजगी है। परिवार का कहना है कि इस कठिन समय में उन्हें आर्थिक सहायता और न्याय की आवश्यकता है, ताकि परिवार के सामने खड़े हुए संकट का सामना किया जा सके। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी पीड़ित परिवार के साथ विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे और विभाग के समक्ष अपनी मांगें रखीं।

पीड़ित परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस

विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचने से पहले किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने मृतक किसान के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस मामले में न्याय दिलाने और उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार ने अपने युवा सदस्य को खोया है, जिसकी भरपाई किसी भी सहायता से संभव नहीं है, लेकिन संकट की इस घड़ी में शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह प्रभावित परिवार को राहत उपलब्ध कराए। श्री रघुवंशी ने कहा कि यदि बिजली के तार निर्धारित सुरक्षित ऊंचाई पर नहीं हैं और उनके कारण किसी किसान की जान चली जाती है, तो यह गंभीर जांच का विषय है। मामले की निष्पक्ष जांच कर घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाना चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि बिजली के तार नीचे क्यों लटक रहे थे और उनकी समय रहते मरम्मत अथवा व्यवस्था दुरुस्त क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

20 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग



विद्युत विभाग के एई राजीव रंजन को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस नेता और पीड़ित परिवार ने प्रमुख रूप से तीन मांगें रखीं। इनमें मृतक किसान के परिवार को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करना, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देना तथा घटना के लिए जिम्मेदार विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना शामिल है। ज्ञापन में कहा गया कि युवा किसान की असमय मौत से परिवार के सामने आर्थिक और सामाजिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में शासन-प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ मामले में कार्रवाई करते हुए परिवार को राहत उपलब्ध करानी चाहिए। साथ ही विद्युत विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्षेत्र में बिजली के तार सुरक्षित ऊंचाई पर रहें और किसानों तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

आठ दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरना

ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने स्पष्ट कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने विद्युत विभाग को आठ दिन का समय देते हुए कहा कि इस अवधि में आर्थिक सहायता, परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के संबंध में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो तहसील सिरोंज के पथरिया स्थित विद्युत मंडल कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने युवा सदस्य को खोने का दुख असहनीय होता है। ऐसे समय में पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता और प्रशासनिक सहयोग मिलना आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में तेजी लाई जाए और परिवार को राहत दिलाने के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

क्षेत्र में लटकते बिजली के तारों का सर्वे कराने की मांग

इस घटना के बाद क्षेत्र में बिजली के तारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता श्री रघुवंषी ने विद्युत विभाग से मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के नीचे लटकते तारों का सर्वे कराया जाए। जहां भी तार निर्धारित सुरक्षित ऊंचाई से नीचे हैं, वहां तत्काल सुधार कार्य कराया जाए। इसके साथ ही विद्युत लाइनों और उपकरणों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को खेतों तक आने-जाने और कृषि कार्य करने के दौरान किसी प्रकार के खतरे का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती के दौरान ट्रैक्टर, थ्रेशर और अन्य कृषि उपकरणों के साथ खेतों तक जाना पड़ता है। ऐसे में बिजली की लाइनों की सुरक्षित व्यवस्था बेहद जरूरी है। विभाग को दुर्घटना होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले से ही सुरक्षा उपायों पर ध्यान देना चाहिए, जिससे लोगों की जान बचाई जा सके। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और पीड़ित परिवार के सदस्यों ने मांग की कि मामले में शीघ्र निर्णय लेकर परिवार को राहत प्रदान की जाए। वही देखना होगा कि विद्युत विभाग और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी आठ दिन की समय-सीमा में इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। इस अवसर पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी,बामोरी शाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ संचिन शर्मा,पथरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शकील खान,जनपद सदस्य प्रतिनिधि अतीक मंसूरी, नईम खान, बलराम लोधी, वीरसिंह दांगी, अभिषेक यादव, अखिलेश रघुवंशी, जगन्नाथ रघुवंशी, गुफरान खान, रोहित सेन, सद्दू खान, अभिषेक सहित मृतक के पिता रमेश प्रजापति, हरजीत प्रजापति, मृतक की पत्नी एवं परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

देवरी में अज्ञात कारणों के चलते दो दिवसों में 2 व्यक्तियों की मौत

बाजार के चबूतरे पर मिला अधेड़ का शव, हालत बिगड़ने पर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी थाना अंतर्गत विगत सोमवार एवं मंगलवार को दो पृथक पृथक स्थानों पर अज्ञात कारणों के चलते 2 व्यक्तियों की मौत के मामले सामने आये हैं, मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौपे गये हैं। मामले में प्रकरण संज्ञान में लेकर जांच की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत सोमवार सुबह थाना पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त होने पर देवरी नगर के बस स्टेण्ड स्थित साप्ताहिक शुक्रवार बाजार प्रांगण में बने चबूतरे पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। जिसकी शिनाख्त पृथ्वी वार्ड निवासी मुरारी पिता नंदे पटैल 50 वर्ष के रूप में की गई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि मृतक अविवाहित था एवं मजदूरी करके अपना भरण पोषण करता था। मृतक को शराब पीने की लत थी। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराया गया था। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम में मृत्यु के कारण ज्ञात होने की बात कही गई है।

वहीं मंगलवार दोपहर में थाना अंतर्गत ग्राम ज्आप निवासी रतन पिता पृथ्वी सिंह गौड़ 29 वर्ष को तबियत बिगड़ने के चलते देवरी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लाया गया था जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित किया गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक एक पेट्रोल पंप पर कार्य करता था जहा हाथ में दर्द की शिकायत के बाद हालत बिगड़ने के चलते उसे चिकित्सालय ले जाया गया था। परंतु उस दौरान चिकित्सालय में कोई डॉक्टर मौजूद नही था बाद में चिकित्सक के आने पर उसका परीक्षण किया गया था जिसमें उसे मृत घोषित किया गया था।

मामले में पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त होने के बाद मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है जिसमें मृत्यु के कारण ज्ञात होने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ज्आप ग्राम का निवासी है उसके परिवार में पत्नि एवं 3 बच्चे है।

खुरई विधानसभा क्षेत्र के 5 प्राथमिक शाला भवनों के निर्माण कार्य हेतु 91.25 लाख की स्वीकृति



सागर। खुरई विधानसभा क्षेत्र में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से राज्य शिक्षा केंद्र के समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत 5 नवीन प्राथमिक स्कूल भवनों के निर्माण हेतु 91.25 लाख की स्वीकृति जारी कर दी गई है। इनमें खुरई विकासखण्ड के दो तथा मालथौन विकासखण्ड के तीन नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य शामिल हैं। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय निर्माण हेतु 18.25 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। जिन प्राथमिक विद्यालयों के नवीन भवन निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं उनमें खुरई विकासखण्ड के प्राथमिक शाला जामुन खेड़ी तथा प्राथमिक शाला रेगुवां के भवन शामिल हैं। इनमें मालथौन विकासखण्ड की प्राथमिक शाला मगरा, प्राथमिक शाला रेंडोन रैयतवारी तथा प्राथमिक शाला लिधौरा के भवन निर्माण कार्य भी शामिल हैं।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन 23 नवम्बर तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

सेऊ की मंडली ने किया राम रावण युद्ध का मंचन, विधायक ने कलाकारों का किया सम्मान



शमशाबाद। नगर परिषद द्वारा दशहरा पर्व पर मेला ग्राउंड में रावण दहन हुआ। सेऊ की रामलीला मंडली के कलाकारों ने भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी से आसमान रोशन हो उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने रामलीला मंडली के कलाकारों का तिलक लगाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। नगर परिषद की ओर से अतिथियों का पान खिलाकर स्वागत किया गया। दशहरा देता है सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेशविधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि अहंकार, अन्याय और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्श हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने भी नगरवासियों को दशहरा पर्व की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देते हैं। नगर परिषद नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

दशहरे पर शस्त्र पूजन में शामिल हुए विधायक सप्रे

कुरवाई। दशहरा पर्व पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए। उन्होंने कुरवाई थाना परिसर और बाल बजरंग अखाड़े में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर विधि-विधान से पूजन किया। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, एसडीएम मोतीलाल अहिरवार, एसडीओपी रोशनी ठाकुर, थाना प्रभारी आरके मिश्रा, तहसीलदार संदीप शर्मा एल्डरमेन वरुण चौबे सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं, बाल बजरंग अखाड़े में उस्ताद शिवरतन पहलवान सहित अखाड़े के पहलवानों की मौजूदगी में शस्त्र पूजन किया गया। विधायक सप्रे बेतवा घाट स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल भी पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठकर विसर्जन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ताकि मूर्ति विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। दशहरे के अवसर पर विधायक सप्रे नगर में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही माता बाग मंदिर एवं शिवशक्ति धाम द्वारा आयोजित भंडारे में भी सहभागिता की।

नवरात्रि समापन पर लकी फ्रेंड सर्किल ने कराया देवी जागरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

कुरवाई नगर की प्रसिद्ध नवदुर्गा उत्सव समिति लकी फ्रेंड सर्कल द्वारा शंकराचार्य मंच पर देवी जागरण का आयोजन किया गया।

देवी जागरण में राजस्थान जयपुर की भजन गायिका कृष्णा पटेल द्वारा अपनी मधुर आवाज से जो राम को लाऐ है हम उनको लाएंगे, राम आएंगे, सहित माता रानी के भजनों पर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। नई भजन गायिका निन्नी पांचाल ने भी खाटू श्याम जी के सुंदर भजन गाकर माहौल को भक्ति मय कर दिया। खाटूश्यामजी का सुंदर दरबार सजाया गया।

लकी फ्रेंड सर्कल द्वारा आयोजित देवी जागरण एवं भजन संध्या में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे पूर्व विधायक वीरसिंह पवार, सीताराम सैनी जगदीश साहू, मुकेश तिवारी रमेश यादव,संदीप सप्रे, हसरुद्दीन खान, सरवर पटेल, विजय सिंह जाट रविशंकर पंथी बलराम दांगी सहित नगर के गणमान्य नागरिक जनपद सदस्य सरपंच आदि शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत समिति सदस्य जनपद सदस्य सीमा दीपचंद सप्रे, सुनील ठेकेदार, भूपेंद्र भार्गव , मनीष चौरसिया द्वारा राकेश साहू शुभम सप्रे मातारानी की चुनरी उड़ा कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रमुख रजनीश साहू द्वारा किया गया।

18 से अधिक मरीजों के नेत्र परीक्षण, 19 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए



नटेरन। शासकीय अस्पताल में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी द्वारा मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं मानव अधिकार के जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी थे। डॉक्टर गोलू सेन, नेत्र सहायक धर्मेंद्र शर्मा, कैंप प्रभारी, गोलू राठौर, घनश्याम बघेल ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर डॉक्टर गोलू सेन और नटेरन अस्पताल के नेत्र सहायक ने और सद्गुरु की संपूर्ण टीम ने 118 से अधिक मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हे नेत्रों से बचाव के तरीका बतलाए। समय-समय पर सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। इस अवसर पर 19 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए। वहीं17 लोगों को निशुल्क चश्मा प्रदान किए गए। अतुल अहिरवार ने 21 नंबर चश्मा का निकाल कर दिए। वैभव गुप्ता ने विज़न टेस्ट किया। 61 लोगों को दवाइयां दी और अक्षय पाल ने बीपी और शुगर टेस्ट किया। वहीं कैंप प्रभारी गोलू राठौर ने अपनी सक्रिय भूमिका निर्वाह किया। स्वर्गीय नारायण सदा शिव पिंगले सेवा संस्थान के सुनील बाबू पिंगले और वरिष्ठ समाजसेवी एवं मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संघठन के जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में ट्रस्ट द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

विद्यार्थी परिषद के सदस्यता अभियान में 10 हजार से अधिक विद्यार्थी जुड़े

प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा के आह्वान पर चल रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरखेड़ा जागीर



विद्यार्थियों को सदस्यता अभियान के बारे में बताते हुए।

विद्यार्थी परिषद द्वारा मध्यभारत प्रांत में चलाए जा रहे महासदस्यता अभियान के तहत अब तक 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ा जा चुका है। यह अभियान 5 अक्टूबर से शुरू हुआ है, जो 5 नवंबर तक चलेगा।

प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को संगठन की विचारधारा और रचनात्मक गतिविधियों से परिचित कराया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विद्यार्थी उत्साह के साथ सदस्यता ले रहे हैं। संगठन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। विश्वकर्मा ने कहा कि अभियान के तहत 20 हजार से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय कार्यकर्ता शैक्षणिक संस्थानों और युवाओं के बीच पहुंचकर अभियान को गति दे रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं से संगठन से जुड़ने की अपील की।

खेत बचाओ अभियानः वैज्ञानिकों ने किसानों को बताए टिकाऊ खेती के गुर, हिरनौदा में वैज्ञानिक-किसान परिचर्चा आयोजित

- पराली प्रबंधन और फसल विविधीकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और खेती को टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को ग्राम हिरनौदा में कृषि विज्ञान केंद्र विदिशा द्वारा 'खेत बचाओ अभियान' एवं फसल अवशेष प्रबंधन पर वैज्ञानिक-किसान परिचर्चा आयोजित की गई।

इसमें भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल के वैज्ञानिकों, कृषि विभाग के अधिकारियों, इफको प्रतिनिधियों और किसानों ने भाग लिया।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. जितेंद्र कुमार ने मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और जैविक पदार्थों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने तथा गोबर खाद, कम्पोस्ट और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन को अपनाने की सलाह दी।

केवायके के सस्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. अक्षय उज्वल ने फसल विविधीकरण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, उन्नत बीजों के चयन और वैज्ञानिक फसल प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों को जलाने के बजाय मल्चिंग, कम्पोस्ट निर्माण और उपयुक्त परिस्थितियों में मिट्टी में मिलाकर उपयोग करना चाहिए। भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रभात त्रिपाठी ने फसल अवशेष प्रबंधन, जबकि डॉ. दिनेश कुमार यादव ने एकीकृत कीट प्रबंधन के बारे में बताया। उप संचालक कृषि सचिन जैन ने कृषि उपज के बेहतर विपणन और उचित मूल्य प्राप्त करने के उपाय समझाए। इफको के प्रबंधक महेंद्र जी ने संतुलित उर्वरक उपयोग तथा कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने विभागीय समन्वय पर जोर दिया। परिचर्चा में किसानों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम का संदेश रहा कि स्वस्थ मिट्टी और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण ही टिकाऊ एवं लाभकारी खेती का आधार है।



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान किसानों को जानकारी देते हुए कृषि वैज्ञानिक।

कान्हा धाम सिटी में नहीं मिली सुविधा, रहवासियों का सवाल- कॉलोनाइजर कब निभाएंगे वादा

वीआईपी कॉलोनी से बायपास तक पक्की सड़क का सपना अधूरा, कीचड़ से निकल रहे रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर की वीआईपी कॉलोनी को अवैध से वैध कराने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रहवासियों को मूलभूत सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है, लेकिन वीआईपी कॉलोनी से रायसेन-भोपाल बायपास तक पक्की सड़क का सपना अब भी अधूरा है। सांची रोड स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास विकसित हो रही वीआईपी कॉलोनी और कान्हा धाम सिटी के रहवासी आज भी ऊबड़-खाबड़, पथरीले और कीचड़ से भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। बारिश और घरों से निकलने वाले गंदे पानी के कारण रास्ते की हालत और खराब हो गई है। ऐसे में लोगों को रोजाना परेशानी के साथ हादसों का खतरा भी उठाना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी में प्लॉट खरीदते समय बेहतर सुविधाओं की उम्मीद की थी। कान्हा धाम सिटी में लगभग सभी प्लॉटों की बुकिंग हो चुकी है और धीरे-धीरे यहां बसाहट बढ़ रही है। इसके बावजूद मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए पक्का मार्ग नहीं बन पाया है। लोगों का सवाल है कि जब सड़क बनाने का वादा किया गया था, तो अब तक इसे पूरा



क्यों नहीं किया गया?

निकाय चुनाव बहिष्कार के बाद वैध हुई थी कॉलोनी

वीआईपी कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर रहवासी पहले भी आवाज उठा चुके हैं। नगर पालिका परिषद चुनाव से पहले वीआईपी कॉलोनी के लोगों ने समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए चुनाव बहिष्कार तक किया था। उस समय तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने हस्तक्षेप कर रहवासियों को मनाया था और कॉलोनी को अवैध से वैध कराने का भरोसा दिया था। बाद में इस दिशा में प्रक्रिया पूरी हुई। अब रहवासियों को उम्मीद है कि सड़क जैसी जरूरी सुविधा की समस्या का भी जल्द समाधान होगा।

गंदे पानी से रास्ता खराब, दोपहिया चालकों को ज्यादा परेशानी

रहवासियों के मुताबिक, कच्चे और पथरीले रास्ते पर घरों का गंदा पानी बहता रहता है। इससे सड़क पर कीचड़ और दलदल जैसी स्थिति बन जाती है। पैदल चलने वालों के साथ दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। लोगों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च कर प्लॉट खरीदने के बाद भी उन्हें आवागमन जैसी बुनियादी सुविधा के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। कान्हा धाम कॉलोनी में विकास के दावों के बीच सड़क की बदहाली रहवासियों की मुश्किलें बढ़ा रही है।

नपाध्यक्ष बोलीं- टेंडर प्रक्रिया पूरी जल्द बनेगी सड़क

सांची रोड के मुख्य मार्ग से वीआईपी कॉलोनी होते हुए रायसेन-भोपाल बायपास तक पक्की डामर सड़क बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही सड़क निर्माण होने से रहवासियों को राहत मिलेगी।

सविता जमना सेन, नपाध्यक्ष रायसेन।

त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

एसडीओपी ने पटाखा दुकानों को देखा, कार्बाइड गन पर सख्ती

दुकानदारों को अवैध पटाखा बिक्री न करने की हिदायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

त्योहारों के दौरान लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और पुलिस ने कार्बाइड गन के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। गुरुवार को एसडीएम मनीष शर्मा और एसडीओपी आकांक्षा तलैया ने पाटनदेव स्थित पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों को कार्बाइड गन के अवैध निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कार्बाइड गन से गंभीर हादसे होने की आशंका रहती है। विशेषकर बच्चों में। इसलिए इसकी बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि कोई दुकानदार कार्बाइड गन बेचते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी आकांक्षा तलैया ने बताया कि त्योहारी सीजन में पुलिस द्वारा लगातार पटाखा बाजार की चेकिंग की जा रही है। लोगों से भी अपील की गई है कि कार्बाइड गन का उपयोग न करें और यदि कहीं बिक्री की जानकारी मिले तो पुलिस को सूचित करें।

पुरानी रंजिश और पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

सलामतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भरतीपुर गांव में पुरानी रंजिश पर मारपीट का एक मामला सामने आया है। फरियादी अर्जुन धानक पिता लाल सिंह निवासी भरतीपुर के साथ गांव के ही कमलेश धानक की दुकान के पास आरोपी भारत सिंह धानक पिता चुन्नीलाल उर्फ खोदा, उम्र 52 वर्ष, निवासी भरतीपुर द्वारा मारपीट की गई। घटना 21 अक्टूबर रात की बताई जा रही है। फरियादी अर्जुन ने पुलिस को बताया कि उसके भाई सुधीर धानक की शादी करीब 7 साल पहले गांव के ही फल्लू की लड़की हल्की बाई से हुई थी। पिछले करीब एक साल से हल्की बाई अपने मायके में रह रही है। पति-पत्नी के बीच आपसी अनबन और लड़ाई-झगड़े के कारण सुधीर का अपनी पत्नी के मायके वालों से मनमुटाव चल रहा था, क्योंकि सुधीर अपनी पत्नी से मिलने मायके जाता था। घटना वाले दिन जब अर्जुन अपने खेत से वापस घर आया, तो पड़ोसियों ने उसे बताया कि उसके भाई सुधीर का किसी से झगड़ा हो गया है और वह घायल अवस्था में कमलेश धानक की किराना दुकान के सामने मेन रोड, ग्राम भरतीपुर पर पड़ा हुआ है। जब अर्जुन मौके पर पहुँचा, तो उसने देखा कि सुधीर जमीन पर घायल अवस्था में पड़ा है और उसके सिर से खून निकल रहा है।

डंडे से मारपीट कर किया घायल

सुधीर ने पूछताछ करने पर बताया कि आरोपी भारत सिंह ने गालिया देते हुए कहा कि ₹तू मेरी भतीजी हल्की बाई से मिलने बार-बार क्यों आता है?₹ इसी बात पर आरोपी ने डंडे से सुधीर के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। परिजन घायल सुधीर को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सांची लेकर गए, जहाँ उसका इलाज चल रहा है।

इनका कहना है

सलामतपुर थाने के एएसआई राजेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी अर्जुन धानक पिता लाल सिंह धानक (निवासी भरतीपुर) की शिकायत पर आरोपी भारत सिंह धानक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना जारी है।



पुल के नीचे मिला किसान का शव सिर में गंभीर चोटें, गिरने का शक

रायसेन। गुरुवार को भोपाल रोड पर जाखा और खरबई के बीच हाईवे के पुल के नीचे एक किसान का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने पुल के नीचे पत्थर पर एक व्यक्ति को मृत अवस्था में औंधे मुंह पड़ा देखा, इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मृतक के सिर में गंभीर चोटें होने की जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक आशंका है कि किसान पुल से नीचे गिरा होगा, हालांकि मौत की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। सैंडोरा पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र दायमा से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर को जाखा पुल और खरबई के बीच स्टेट हाईवे के एक पुल के नीचे एक व्यक्ति के मृत अवस्था पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मृत व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। मृत व्यक्ति की पहचान ग्राम हिरणखेड़ा निवासी 45 वर्षीय किसान तीरथ सिंह आदिवासी पिता मूलचंद के रूप में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

जनकपुर की माध्यमिक शाला में लगा बिना बिजली से चलने वाला नैनो वाटर फिल्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सीएसआईआर स्मार्ट विलेज मिशन के तहत स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की सीएसआईआर- एम्प्री की विशेष पहल वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की भोपाल स्थित प्रयोगशाला, प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (एम्प्री) द्वारा विकसित नैनो वाटर फिल्टर को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के जनकपुर गाँव में संचालित स्मार्ट विलेज मिशन के अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला में स्थापित किया गया। सीएसआईआर-एम्प्री भोपाल द्वारा विकसित यह वाटर फिल्टर नैनो मेम्ब्रेन युक्त तकनीक पर आधारित है। यह तकनीक ग्रामीण क्षेत्रों में जल शुद्धिकरण की सुविधा को सुलभ बनाने तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बिजली का उपयोग किये बिना यह वाटर फिल्टर आवश्यक मिनरल के साथ शुद्ध



पेयजल देता है एवं इसमें जल की बर्बादी बिलकुल भी नहीं होती है

मिलेगा स्वच्छ पानी

फिल्टर की स्थापना से विद्यालय के बच्चों एवं गाँव के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने तथा लोगों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।सीएसआईआर- एम्प्री का स्मार्ट विलेज मिशन वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकों को ग्रामीण समुदाय तक पहुँचाने और उनका जनहित में उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा को बढ़ावा मिलेगा।

ओजस अस्पताल नए भवन में शिफ्ट

मंत्री पटेल ने सीटी स्कैन मशीन का किया शुभारंभ, मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

ओजस अस्पताल किराए के भवन में संचालित हो रहा था। डॉक्टर एसपी सिंह राजपूत के प्रयासों से उदयपुरा मार्ग पर सर्व सुविधा युक्त नए अस्पताल भवन का निर्माण पूर्ण होने के साथ दशहरे के दिन क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा ओजस अस्पताल का उद्घाटन किया गया। अस्पताल से नगर एवं क्षेत्र के लोगों को विभिन्न बीमारियों के उपचार की सुविधा मिल रही थी। कोरोना के दौरान लोगों के उपचार में ओजस अस्पताल की सक्रिय भूमिका बनी रही। नए अस्पताल भवन में सीटी स्कैन मशीन लग गई है जिसका शुभारंभ भी राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा किया गया। भाजपा नेता हरनाम सिंह राजपूत नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत पार्षदों के साथ संघ के प्रचारक सौरभ सिंह, अभिषेक राजपूत राधेश्याम पालीवाल हीरेंद्र मालवीय मेहरबान सिंह राजपूत आदि की उपस्थिति रही।

हालत खंडहर जैसी हो चुकी है, भवन अब खुद हादसों को न्योता दे रहा

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा एसडीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

शासन के लाखों-करोड़ों रुपयों की बर्बादी और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी का एक घिनौना नमूना गैरतगंज में देखने को मिल रहा है। जिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय का लोकार्पण 18 सितंबर 2020 को बड़े ही तामझाम के साथ हुआ था, महज 6 सालों के भीतर ही उसकी हालत किसी बदहाल खंडहर जैसी हो चुकी है। प्रशासनिक तंत्र की नाक के नीचे बना यह भवन अब खुद हादसों को न्योता दे रहा है।

खिड़की पर अटका प्रशासनिक ढर्रा, लटक गया एसी

भवन के घटिया निर्माण का आलम यह है कि एसडीएम साहब के निजी कक्ष में लगा एसी अचानक भरभराकर नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई, लेकिन इसके बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने मरम्मत कराने के बजाय एसी को खिड़की से टांगकर काम चला लिया। यह लटकता हुआ एसी केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि भवन निर्माण में हुए भ्रष्टाचार और प्रशासनिक बेपरवाही का प्रत्यक्ष



सबूत है। निर्माण एजेंसी और संबंधित ठेकेदार की इस बदहाली पर आपराधिक खामोशी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए और दोषी ठेकेदार व इंजीनियरों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, वरना यह भवन कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

पापड़ की तरह चटक रहीं टाइल्स, फिसल रहे फरियादी

पूरे परिसर और कमरों के फर्श पर लगी टाइल्स पापड़ की तरह चटक कर उखड़ रही हैं। दूर-दराज के गांवों से अपनी फरियाद लेकर आने वाले ग्रामीण और मुवक्किल आए दिन इन टूटी टाइल्स में उलझकर ठोकर खा रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि जब तहसील और अनुविभाग का सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी खुद एक असुरक्षित और जर्जर भवन में बैठने को मजबूर है, तो आम जनता की सुरक्षा का जिम्मा कौन लेगा?

इनका कहना है

निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को पत्र लिख दिया है, शीघ्र सुधार करवाया जाएगा।

हर्षल चौधरी, एसडीएम गैरतगंज

सिलवानी-उदयपुरा मार्ग पर डंपरों की डस्ट से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सिलवानी-उदयपुरा मार्ग पर डंपरों से उड़ती बारीक डस्ट राहगीरों के लिए खतरा बन गई है। भारी वाहन निकलते ही धूल का ऐसा गुबार उठता है कि सामने का रास्ता तक दिखाई नहीं देता। स्कूली विद्यार्थी, शिक्षक और बाइक सवार रोज जोखिम उठाकर सफर करने को मजबूर हैं, लेकिन महीनों से जारी इस समस्या पर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी बरकरार है। डंपरों से उड़ती धूल राहगीरों की आंखों में भर रही है। आंखों और त्वचा पर असर पड़ रहा है, वहीं सड़क पर दृश्यता कम होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। विद्यार्थी अतुल रघुवंशी, पार्थ रघुवंशी, शिवाय सिंह रघुवंशी, महिमा राजपूत और अनामिका ठाकुर ने परेशानी बताई। शिक्षक कुंजबिहारी रघुवंशी और राजेंद्र



रघुवंशी सहित अन्य लोगों ने भी इसे गंभीर समस्या बताया।

जब सड़क पर रोज धूल उड़ रही है और लोगों की सुरक्षा खतरे में है, तो जिम्मेदार अधिकारी अब तक क्या कर रहे हैं, क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा लोगों को राहत देने के बजाय समस्या का यूं बने रहना व्यवस्था की जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है। प्रशासन तत्काल डंपरों की जांच करे, नियमों का उल्लंघन मिलने पर चालानी कार्रवाई करे और सड़क की नियमित सफाई व धूल नियंत्रण सुनिश्चित करे। राहगीरों की सुरक्षा कोई मामूली मुद्दा नहीं है।

डिप्टी कलेक्टर यशपाल ने संभाली जनपद पंचायत सीईओ की कमान

गैरतगंज। जनपद पंचायत गैरतगंज में पिछले कुछ समय से चल रही प्रशासनिक अस्थिरता और प्रभार व्यवस्था पर अब विराम लग गया है। जनपद पंचायत को एक बार फिर नया प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) मिल गया है।



जानकारी के अनुसार, रायसेन कलेक्ट्रेट में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर यशपाल स्वर्णकार को गैरतगंज जनपद पंचायत का नया प्रभारी सीईओ नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के तुरंत बाद ही एक्शन मोड में आते हुए डिप्टी कलेक्टर स्वर्णकार ने आज शाम गैरतगंज पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण (जॉइन) भी कर लिया है। गौरतलब है कि हाल ही में हुए प्रशासनिक स्थानांतरणों के बाद से गैरतगंज जनपद पंचायत में सीईओ का पद प्रभार पर चल रहा था, जिससे विकास कार्यों की रफ्तार प्रभावित हो रही थी। नए सीईओ की नियुक्ति और तत्काल पदभार ग्रहण करने से जनपद क्षेत्र के ग्रामीण विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

सात साल में भी तैयार नहीं हुआ रेलवे का फुट ओवरब्रिज

ग्रामीणों की जान जोखिम में, स्कूली बच्चों पर भी खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण सात साल से अधिक समय बीतने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य की धीमी गति का खामियाजा आसपास के एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि रोजाना ग्रामीणों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे की पटरियां पार करनी पड़ती हैं। व्यस्त रेलमार्ग पर ट्रेनों की लगातार आवाजाही के बीच यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। विडंबना यह है कि कुछ दिन पहले ही रेलवे की पटरियां पार करते समय एक विद्यार्थी की ट्रेन की चपेट में



आने से मौत हो चुकी है। इससे पहले भी पटरी पार करते समय कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। बीते बुधवार को भी केमखेड़ी मार्ग पर एक बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत का मामला सामने आया। दीवानगंज रेलवे स्टेशन से होकर केमखेड़ी, घोड़ाचौक, पिपरई, कालीटोर, सत्ती, मुनारा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण भोपाल, विदिशा, सांची, सलामतपुर और दीवानगंज सहित अन्य स्थानों पर आने-जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। फुट ओवरब्रिज अधूरा होने के कारण लोगों को रेलवे लाइन पार करके जाना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली विद्यार्थियों को होती है। कई बच्चे रोजाना रेलवे ट्रैक पार करके विद्यालय दीवानगंज पहुंचते हैं। इन सभी विद्यार्थियों को रोजाना आने-जाने में रेल कि पटरिया पार करना मजबूरी बन गई है।

ग्राम अंबाड़ी के पास स्थित रेलवे क्रॉसिंग फाटक बंद किए जाने के बाद ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। लोगों को उम्मीद थी कि अंडरपास बनने से आवागमन आसान हो जाएगा, लेकिन बारिश के दौरान अंडरपास में कमर तक पानी भर जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, साल में करीब छह महीने तक अंडरपास का रास्ता प्रभावित रहता है। रेलवे पटरियां पार करके आना-जाना पड़ता है।

इनका कहना है

रोजाना कई ग्रामीण रेलवे पटरियां पार करके अपने जरूरी कामों के लिए आते-जाते हैं। स्कूली छात्र-छात्राएं भी इसी रास्ते से सेमरा हाई स्कूल और दीवानगंज स्कूल पहुंचते हैं। पहले भी पटरी पार करते समय एक विद्यार्थी की मौत हो चुकी है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। रेलवे प्रशासन को गंभीरता से लेते हुए जल्द फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा कराना चाहिए।

भानु लोधी, सरपंच दीवानगंज स्टेशन सेमरा

रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज नहीं बनने से ग्रामीणों को रोजाना जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है। बीते दिन ही अंबाडी निवासी एक व्यक्ति की मौत पटरिया पार करते समय हो चुकी है।रेलवे प्रशासन को निर्माण कार्य जल्द पूरा कराना चाहिए।

कुंती रमेश कुमार अहिरवार, सरपंच अंबाडी

रेलवे विभाग द्वारा रेलवे स्टेशन दीवानगंज, मुड़िया खेड़ा, और मुस्काबाद पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है लेकिन कार्य धीमी गति से चल रहा है कि 3 साल बाद भी आधा ही काम हो सका है ऐसे तो 6 साल रेलवे ओवर ब्रिज बनने में लग जाएंगे।

गिरजेश नायक, दीवानगंज सरपंच



महाविद्यालय बाड़ी में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

बाड़ी। शासकीय महाविद्यालय बाड़ी में महाशक्ति व्यायामशाला, जिला स्तरीय कुश्ती (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय रायसेन, शासकीय महाविद्यालय बरेली, शासकीय महाविद्यालय बाड़ी की टीम ने भाग लिया। जिसमें विजेता आर्यन (स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन) रहे एवं उपविजेता पवन (शासकीय महाविद्यालय बरेली) रहे। चयन समिति में सोम प्रकाश सिंह (शासकीय विधि महाविद्यालय रायसेन), फ़हीम कुरैशी (शासकीय महाविद्यालय सुल्तानपुर) एवं अब्बास खान (स्वामी विवेकानंद महा. रायसेन) सम्मिलित हुए। पर्यवेक्षक कविता कुशवाहा रहीं। विजेता को प्राचार्य ममता खोइया द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं क्रीड़ा अधिकारी संग्राम सिंह द्वारा कुश्ती (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अरुण पटेल, पुष्पेंद्र सिंह सिकरवार, रामगोपाल, रागिनी नागर, श्रद्धा चौहान एवं हरिसिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।